आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 27.11.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्काई रूट के इन्फिनिटी कैंपस का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्‌घाटन किया। कहा– भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन गया है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ठंड और शीतलहर को देखते हुए प्रदेशभर में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- अल्मोड़ा सांसद अजय टम्टा ने पिथौरागढ़ में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक ली।
- युवा आपदा मित्र योजना के तहत आईआईटी रूड़की में एनसीसी कैडेट्स का सात दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शुरू।

---------

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनता जा रहा है। श्री मोदी ने स्काई रूट के इन्फिनिटी कैंपस का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार ने देश के अंतरिक्ष क्षेत्र में कई ऐतिहासिक सुधार किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी नवाचार के लिए खोल दिया है, जिससे स्टार्टअप और उद्योग, देश के वैज्ञानिक पारिस्थितिकी तंत्र के साथ मिलकर काम कर सकेंगे। श्री मोदी ने कहा कि अगले वर्षों में वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था कई गुना बढ़ेगी और देश के युवाओं के लिए अपार नए अवसर खोलेगी।

## मुख्यमंत्री निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए प्रदेशभर में रेन बसेरों में आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ करने और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। नैनीताल प्रवास के दौरान आज मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि रेन बसेरों में सभी उचित व्यवस्था की जाए और जरूरतमंदों को ठंड से बचाव के लिए कम्बल उपलब्ध कराए जाएं।

मुख्यमंत्री ने प्रशासन को आवश्यक सामग्री की उपलब्धता, वितरण और निगरानी की दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं, ताकि ठंड से बचाव के लिये किये जा रहे प्रयास, प्रभावी रूप से लागू हो सकें।

## नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में अर्थ एवं संख्या विभाग, कृषि एवं उद्यान और महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के 178 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सभी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ दायित्वों का निर्वहन कर उत्तराखंड को विकसित, आत्मनिर्भर व देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान साढ़े 26 हजार से अधिक युवाओं को पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से सरकारी सेवा में अवसर प्रदान किए गए हैं, जो राज्य के गठन के बाद पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने नकल माफियाओं पर कड़ा प्रहार करते हुए सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है, जिससे भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, गति और विश्वसनीयता सुनिश्चित हुई है।

## स्वास्थ्य मंत्री निरीक्षण

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज सिविल अस्पताल, रूड़की के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और वहां भर्ती मरीजों का हालचाल जाना। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, चिकित्सकीय सेवाओं और व्यवस्थाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं के लिए कुछ कार्य होने हैं, जिसके लिए प्रदेश सरकार ने लगभग साढे तीन करोड़ रुपए का बजट पास किया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में नवनिर्मित ब्लड बैंक की बिल्डिंग को जल्दी ही नई बिल्डिंग में शिफ्ट किया जाएगा।

## सांसद बैठक

अल्मोड़ा सांसद और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने आज पिथौरागढ़ विकास भवन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से केंद्र सरकार द्वारा जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और सभी योजनाओं पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि पीएमजीएसवाई योजना के तहत जिले की 259 सड़कों को लिए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है और जल्द ही इन सड़कों का काम भी शुरू कर दिया जाएगा।

## आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत आईआईटी रूड़की में एनसीसी कैडेट्स के लिए सात दिवसीय आपदा खोज–बचाव, प्राथमिक उपचार व अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से शुरू हो गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन 10–बटालियन एनसीसी रुड़की के कर्नल एस. चक्रवर्ती ने किया। उन्होंने आपदा प्रबंधन के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने और आपदा की घड़ी में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। मास्टर ट्रेनर मनोज कंडियाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य, मॉड्यूल और भविष्य में प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की महत्ता के बारे में जानकारी दी। हरिद्वार की जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत ने राज्य में विभिन्न प्राकृतिक व मानव जनित आपदाओं की संवेदनशीलता और उनके दुष्प्रभाव के बारे में बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पिथौरागढ़, चम्पावत, लोहाघाट और अल्मोड़ा जिले से 50 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य युवाओं को आपदा के समय प्रभावी प्रतिक्रिया देने योग्य बनाना और समुदाय स्तर पर प्रशिक्षित मानव संसाधन विकसित करना है।

## वित्त सचिव बैठक

प्रदेश के वित्त सचिव, दिलीप जावलकर ने बैंकों से राज्य में ऋण जमा अनुपात को 60 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर काम करने को कहा है। आज सचिवालय में आयोजित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 94वीं बैठक में उन्होंने स्वरोजगार संबंधित योजनाओं में लंबित ऋण आवेदनों को भी तेजी से निस्तारित करने के निर्देश दिए। श्री जावलकर ने कहा कि जिन जिलों में ऋण जमा अनुपात कम है, वहां अग्रणी जिला प्रबंधक, विशेष रणनीति के साथ प्रयास करें। खासकर पर्वतीय जिलों में होटल, पर्यटन और बिजली परियोजनाओं की वित्तीय गतिविधियों को स्थानीय बैंकों से जोड़ने के प्रयास किए जाएं। वित्त सचिव ने ''आपकी पूंजी, आपका अधिकार'' अभियान की जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए जन–जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस अभियान में सरकारी विभागों को भी जोड़ने को कहा। रोजगार सृजन ऋण योजनाओं में लंबित आवेदनों पर सख्त नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित बैंक को प्राथमिकता के आधार पर आवेदनों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

## विशेष शिविर

टिहरी जिले के राजकीय प्रताप इंटर कॉलेज बोराड़ी में आज दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। पहले दिन भिलंगना, प्रतापनगर, जाखणीधार और जौनपुर विकासखंडों के जरूरतमंद लोगों को आवश्यक सहायक उपकरण वितरित किए गए। साथ ही पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी बनाए गए। इसके अलावा शिविर में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया कर उन्हें परामर्श भी दिया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रेष्ठा भाकुनी ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत इस तरह के शिविर लगाए जा रहे हैं, ताकि जरूरतमंदों को समय पर आवश्यक सुविधाओं का लाभ मिल सके।

स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बेहद उपयोगी साबित होते हैं।